ले लो शरण सांवरे,
गुणगान तेरा करते है,
मेरे खाटू वाले श्याम,
तेरा हम ध्यान करते है,
ले लो शरण साँवरे।।

तर्ज जीता था जिसके लिए।

देते हो सबको तुम ही सहारा,
तुमने सहारा दिया,
करके कृपा फिर मेरे सांवरिया,
मुझको भी अपना लिया,
तेरे नाम की माला दिन रात जपते है,
मेरे खाटू वाले श्याम,
तेरा हम ध्यान करते है,
ले लो शरण साँवरे।।

तेरे हवाले नैया है बाबा,
पार लगा दो इसे,
जीवन भी तेरे हवाले है बाबा,
आकर संभालो इसे,
दया से तेरी कितने परिवार पलते है,
मेरे खाटू वाले श्याम,
तेरा हम ध्यान करते है,
ले लो शरण साँवरे।।

हर एक ग्यारस खाटू मैं आऊं,
दिल की है ये आरज़ू,
भजनों को तेरे गाता मैं आऊं,
दीखता मुझे तू ही तू,
शरण में तेरी कितने दु:ख दर्द कटते है,
मेरे खाटू वाले श्याम,
तेरा हम ध्यान करते है,
ले लो शरण साँवरे।।

ले लो शरण सांवरे,
गुणगान तेरा करते है,
मेरे खाटू वाले श्याम,
तेरा हम ध्यान करते है,
ले लो शरण साँवरे।।

Singer Anant Mishra

Source:
https://www.bharattemples.com/le-lo-sharan-sanware-gungan-tera-karte-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw